आकाशवांणी केन्द्र शिमला

21.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

योग दिवस

देशभर में आज 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में शेर–ए–कश्मीर इंटरनेश्नल कॉनवेंशन सेंटर में आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर से समारोह का नेतृत्व किया। इस वर्ष समारोह का विषय ''स्वयं और समाज के लिए योग'', को व्यक्तिगत कल्याण और समाजिक सदभाव दोनों को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित किया और सामान्य योग प्रोटोकॉल सत्र में भाग लिया जिसमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के पोषण में योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रधानमंत्री ने दुनिया भर के उन लोगों को शुभकामनाएं दी जिन्होंने उत्सव के हिस्से के रूप में योग किया। उन्होंने योग करने के फायदे बताए और कहा कि इससे जहां सकारात्मक ऊर्जा मिलती है वही मानसिक व शारीरिक विकास भी होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया भर में योग करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही।

इधर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज प्रदेश भर में कई कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को योगाभ्यास करवाने के अलावा इसके फायदों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। राजधानी शिमला के रिज मैदान में आयुष विभाग के तत्वाधान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरक्कत करते हुए लोगों के साथ योग किया। राज्यपाल ने लोगों से आह्वान किया की वे योग को अपनी जीवन शैली में अपनाएं ताकि वे स्वस्थ व मानसिक तनाव से दूर रह सकें। योग दिवस के अवसर पर सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर जसंवा प्रागपुर विधानसभा क्षेत्र के डाडासीबा में योगाभ्यास किया।

दुर्घटना

शिमला जिले की जुब्बल तहसील के तहत गिलटाड़ी इलाके के चुआरी कैंची में आज सुबह हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक बस के गहरी खाई में गिरने से 4 यात्रियों की मौत हो गई है जबकि 3 यात्री घायल हुए है। जानकारी के अनुसार 2 यात्रियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि बस के चालक व परिचालक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई। हादसा उस समय हुआ जब ये बस कुडडू से गिलटाड़ी जा रही थी। पुलिस व प्रशसन ने स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य को अंजाम दिया। घायलों को सिविल अस्पताल रोहड़ू में इलाज चल रहा है। प्रभावितों को प्रशासन की ओर से फौरी राहत जारी कर दी गई है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

नामांकन

प्रदेश में 3 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उप–चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में उप–चुनाव के लिए 10 जुलाई को वोट डाले जाएंगे जबकि मतगणना 13 जुलाई को होगी।

शूलिनी मेला

सोलन का 3 दिवसीय राज्यस्तरीय शूलिनी मेला आज पारंम्परिक रीति रिवाजों के साथ शुरू हो रहा है। 23 जून तक चलने वाले इस ऐतिहासिक मेले के दौरान माता शूलिनी अपने स्थान से पालकी में शहर की परिक्रमा करने के बाद अपनी बड़ी बहन माँ दुर्गा से मिलने पहुंचेगी और 3 दिनों तक लोगों के दर्शनार्थ वहीं विराजमान रहेंगी। शूलिनी मेले को लेकर शहर को सुनहरे ढंग से सजाया गया है और सुरक्षा के पुख़्ता इंतजाम भी किए गए है। मेले के दौरान विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

भाजपा प्रदर्शन

प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार को कानून व्यवस्था के मुद्दे पर घेरा है। एक प्रैस बयान में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। बीते कल बिलासपुर कोर्ट परिसर के बाहर हुई फायरिंग को लेकर भाजपा 22 जून को बिलासपुर में प्रदर्शन करेगी, जिसका नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर प्रदेश पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल करेंगे। इस दौरान पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद रहेंगे।

और अब सुर्खिया समाचार पत्रों से......................

आज अखबारों ने आलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित कया है।

पंजाब केसरी मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है–राजनीतिक मंडी में बिके है आजाद विधायक, भाजपा कार्यकर्ता सबक सिखाएं। हिमाचल दस्तक के शब्द है–कांग्रेस के सर्वेक्षण में राजेश शर्मा नहीं थे जिताऊ प्रत्याशी। दैनिक सवेरा टाईम्स बतौर सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के हवाले से लिखता है–भेदभाव व वादा खिलाफी ही कांग्रेस की असली चाल, चरित्र और चेहरा।

मुख्यमंत्री के ऊना दौरे पर आपका फैसला की सुर्खी है–सीएम ने पेखूबेला सौर ऊर्जा परियोजना की समर्पित।

आपराधिक घटनाओं से जुड़ी खबरों को भी अधिकतर अखबारों ने अपनी प्रमुख खबर बनाया है। दिव्य हिमाचल के शब्द है–बिलासपुर कोर्ट परिसर के बाहर चली गोलियां, एक घायल, शूटर गिरफ्तार।

अमर उजाला व दैनिक जागरण की लगभग एक जैसी सुर्खी –चौपाल क्षेत्र में स्कूल की 11 छात्राओं से छेड़छाड़–आरोपित गिरफ्तार।

मौसम पर दैनिक भास्कर का शीर्षक है–प्रदेश में प्री–मॉनसून की बारिश से तापमान 8 डिग्री तक गिरा 3 दिन और बरसेंगे बादल।